|| एक सबके लिए || || एकता–सघर्ष–विजय || || सब एकके लिए ||

बढारणा (रोड़ न.17)
फल सब्जी विक्रेता संघ रजि.

पंजिकृत कार्यालयः प्लाट न.38, करणी विहार–बी, वी.केआई.ए. रोड़ न.17, जयपुर
रजि. सं.

पत्रांक : सेवा में,

दिनांक १९ जनवरी २०११

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
राजस्थान सरकार, जयपुर, (राजस्थान) |

विषय - बधारना रोड़ नम्बर 17 (विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया) के फुटपाथ व्यवसायियों को व्यवस्थित करने बाबत |

महोदय,

हम पिछले 15 सालो से बधारना रोड़ नम्बर 17 (विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया) में सड़क के किनारे फुटपाथ पे आम लोगो की जरुरत की वस्तुए जैसे सब्जी, फल, घर में उपयोग होने वाला सामान, प्लास्टिक का सामान, चश्मा, टोपी, बेल्ट इत्यादि वस्तुओ को बेचते है | और इसी से हम अपने जीविका चलाते है | इस स्थान पे हम कुल 200 फुटपाथ व्यवसायी अपना सामान बेचते है | चुंकि सड़क के किनारे फुटपाथ पे व्यवसाय करने पे काफी असुविधा का सामना करना पडता है जैसे दुर्घटना की संभावना, प्रतिकूल मौसम का असर, हमें सरकारी मान्यता न मिलना इत्यादि |

हमलोगों का अपना एक संगठन भी है जिसका नाम **बधारना रोड़ नम्बर 17 (VKIA) फल-सब्जी विक्रेता संघ,जयपुर** है| यहाँ के सारे फुटपाथ व्यवसायी इस संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य है | हमारे संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्यों की ओर से निवेदन है की आप हम फुटपाथ व्यवसायियों की परेशानी का निराकरण करने के लिए उचित कदम उठाते हुए हमे सब्जी मंडी तथा वेंडर जोन बनाकर व्यवस्थित रूप से बसाने का कष्ट करे |

फुटपाथ व्यवसायी को व्यवस्थित करे जिससे कई प्रकार की समस्या दूर हो जायेगी जैसे - मुख्यमार्ग का खली हो जाना, हमारा व्यवसाय व्यवस्थित रूप से करना, व्यवसायियों को मौसम के मार से बचाना, पूर्णरूप से इलाके में साफ-सफाई का होना तथा हमारी आर्थिक व सामाजिक विकास में काफी फायदा होगा | इसके साथ ही यहाँ के लोगो तथा स्थानीय प्रशासन को भी हमें लेकर जो भी असुविधा होती है उसका भी स्थाई समाधान हो जायेगा |

आपका आभारी

घनश्याम कोतवानी
राष्ट्रीय सचिव, नेशनल एसोसिएसन ऑफ स्ट्रीट वेंडर ऑफ इंडिया
Contact: 09024565018

अमित चंद्र
राष्ट्रीय अभियान संयोजक
जीविका: लॉ, लिबर्टी एंड लाइवलीहुड
Contact: 09784258630

महेश कुमार
अध्यक्ष, बधारना रोड़ नम्बर 17 (VKIA) फल-सब्जी विक्रेता संघ,जयपुर
Contact: 09829346167

कुन्दन तहलानी
सचिव, बधारना रोड़ नम्बर 17 (VKIA) फल-सब्जी विक्रेता संघ,जयपुर
Contact: 09001906512